पत्रांक–1110 (नि०)

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

डॉ0 एन0 सरवण कुमार, भा0प्र0से0

सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,

बिहार राज्य।

पटना–15, दिनांक–28/03/2020

विषय :– वर्त्तमान में Covid-19 तथा पक्षियों के असामयिक मृत्यु, बर्ड फ्लू तथा अन्य विषयों पर समेकित मार्ग निदेश के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सरकार द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु लगाए गए Lockdown के प्रतिबंध, पक्षियों में असामयिक मृत्यु तथा कतिपय क्षेत्रों में बर्ड फ्लू इत्यादि को देखते हुए प्रशासनिक/पुलिस/विभागीय पदाधिकारियों तथा आम जनों को जानकारी हेतु कई निदेश दिये गये है। ताकि मानव जीवन को बचाने तथा मानव जीवन को Support करने वाले पशु, पक्षियों से प्राप्त उत्पादों की निरंतरता बनाये रखी जा सके।

अतः Lockdown की परिस्थितियों में सभी निदेशों का जमीनी स्तर पर भी समझ हेतु निम्न समेकित निदेश दिये जाते है :–

पशु चारा संबंधी

(1) पशु चारा की दुकाने खुली रहेंगी तथा आवागमन जारी रहेगा।

(2) पॉल्ट्री के चारा तथा मछलियों के चारा/दाना तथा उसमें लगने वाले कच्चा माल का परिवहन जारी रहेंगा।

(3) विशेषकर शहरी क्षेत्रों के आस–पास पशु चारा की उपलब्धता बनाये रखना आवश्यक है।

(4) परिवहन के संबंध में आवश्यक पास जिला पदाधिकारी के स्तर से जारी किये जायेंगे।

मुर्गी, अण्डा/माँस/मछली की बिक्री संबंधी

(1) अण्डे, मुर्गी, माँस–मछली की दुकाने खुली रहेंगी तथा उपरोक्त सामग्रियों का आवागमन पूर्व की तरह चालू रहेगा।

(2) परिवहन के संबंध में आवश्यक पास जिला पदाधिकारी के स्तर से जारी किये जायेंगे।

(3) अण्डा, माँस, मुर्गी तथा मछली के सेवन से कोरोना वायरस नहीं फैलता है।

पक्षियों की असामयिक मृत्यु एवं बर्ड फ्लू से संबंधित

पटना के अशोक नगर कंकड़बाग क्षेत्र तथा रौदपुर, कतरीसराय, नालन्दा को छोड़कर मुर्गियों में कहीं भी बर्ड फ्लू का मामला नहीं है।

(1) जिला में कौओं तथा अन्य जंगली पक्षियों के असमायिक मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर मृत पक्षियों को जलाया या गहरे गड्ढ़े में दबाया जाये ताकि अन्य पशु/पक्षियों में बीमारी न फैले।

(2) प्रभावित क्षेत्रों में Sanitization का कार्य कराया जाये तथा एक सप्ताह बाद पुनः Sanitization का कार्य कराया जाये।

(3) जहाँ–जहाँ पक्षियों में अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना प्राप्त हो रही.हो उन क्षेत्रों के आस पास सभी पौल्ट्री फार्म के आस पास सीरो सर्विलांस का कार्य कराया जाये।

CS Scanned with CamScanner